हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 30 जुलाई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

पड़ोसी जिले का निकला बाइक चोर गिरोह का सरगना, 4 बाइक को छिपाकर रखा था जंगल में
2



## खबर संक्षेप

### गुरूकृपा इंफ्रा रियालिटी लिमिटेड की संपति कुर्क करने आदेश पारित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जन्मेजय महोबे द्वारा छ.ग. निक्षेपकों का हित संरक्षण अधिनियम, 2005/2023 थाना चांपा पक्षकार छत्तीसगढ़ शासन विरूद्ध गुरुकृपा इंफ्रा रियालिटी लिमिटेड चांपा एवं निकिता अग्रवाल के प्रकरण में 25 जुलाई को चांपा स्थित भूमि खसरा नंबर 2089/3 ख रकबा 0.053 हेक्टेयर भूमि को कुर्क करते हुए अतःकालीन आदेश पारित किया गया है।

### प्री इंजीनियरिंग, मेडिकल प्रवेश परीक्षा की कोचिंग के लिए आवेदन 11 तक

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2025-26 में राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से 11 अगस्त समय सायं 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें इत्यादि विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर से संपर्क किया जा सकता है।

### फार्मर रजिस्ट्री के लिए 31 तक कैम्प का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा छ.ग. राज्य में एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत कृषक पंजीयन का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 में धान खरीदी कृषक पंजीयन के आधार पर किया जाना है। इसके लिए समितिवार दल गठित की गई है। उक्त गठित दल के माध्यम से कृषकों का फार्मर रजिस्ट्री के लिए सेवा सहकारी समितियों में 31 जुलाई तक कैम्प आयोजित कर पंजीयन किया जाएगा।

### जिले के स्कूलों में होगा मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य, 2 करोड़ स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और सुसज्जित करने का कार्य तेज़ी से जारी है। उनके नेतृत्व में प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक की शालाओं में अधोसंरचना को बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। शासन ने 2 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से जिले के स्कूलों में मरम्मत, जीर्णोद्धार और आवश्यक निर्माण कार्यों की मंजूरी प्रदान की है। शासन की इस स्वीकृति से विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित और सुविधायुक्त अध्ययन वातावरण मिलेगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार देखने को मिलेगा। वहीं जिला खनिज संस्थान न्यास से 12 स्कूल में अतिरिक्त कक्ष एवं नौनिहालों को 8 आंगनबाड़ी भवन के लिए 2 करोड़ 9 लाख 56 हजार की स्वीकृति दी गई है। जिले में कुल 4 करोड़ 9 लाख से अधिक रूपए की स्वीकृति विभिन्न कार्यों के लिए दी गई है। जिले के 94 प्राथमिक शालाएं और 53 माध्यमिक विद्यालय में 77 लाख 86 हजार रुपये की लागत से अतिआवश्यक मरम्मत कार्य किए जाएंगे। हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में 49 लाख 77 हजार रूपए की स्वीकृति दी गई है। जिसमे छत मरम्मत, दीवार, फर्श, खिड़की-दरवाजे, पेयजल, शाला में जल भराव निकासी को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा। 114 प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओ में 47 लाख रुपये की लागत से एवं 38 हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल 27 लाख रुपये नवीन शौचालय निर्माण एवं पुराने शौचालयों का जीर्णोद्धार होगा। इसके साथ ही जिला खनिज संस्थान न्यास की राशि से 12 स्कूल भवन में अतिरिक्त कक्ष की सौगात स्कूली बच्चों को मिलेगी। इसके लिए 96 लाख 84 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं जिले के नौनिहालों के लिए आठ आंगनबाड़ी भवन तैयार किये जाएंगे।

### वायरल फीवर के साथ ही उल्टी दस्त की ज्यादा शिकायत

# मौसम के तेवर से बढ़ रहे बीमार जिला अस्पताल मरीजों से ठसाठस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में इन दिनों मौसमी बीमारी से प्रभावित मरीजो की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। मौसम के बदलते तेवर का लोगों की सेहत पर विपरीत असर हो रहा है। सप्ताहभर पहले तक उमसभरी गर्मी से लोग हलाकान थे। वहीं पिछले कुछ दिनों से तेज बारिश का दौर चल रहा है। इस तरह मौसम के बदलते तेवर के हिसाब से लोग अपने आप को नहीं ढाल पा रहे है। यही वजह है कि पिछले कुछ दिनों से वायरल फीवर के साथ ही उल्टी

गौरतलब है कि जांजगीर-चाम्पा जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में इन दिनो मौसमी बीमारी से प्रभावित मरीज बढ़ रहे है। ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय के ओपीडी में इलाज कराने के पूर्व मरीजों को पंजीयन कराना जरूरी है ताकि मरीजों की पूरी जानकारी समय पर उपलब्ध किया जा सके। इधर सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 400 सौ से भी अधिक मरीज उपचार कराने को लेकर पहुंच रहे है। इनमें सर्दी, खांसी, जुकाम, पीलिया, टायफाइड, पेट दर्द, मलेरिया, डायरिया सहित अन्य बीमारियों के अलावा गंभीर बीमारी से प्रभावित लोग भी इलाज कराने को लेकर पहुंच रहे है, जिसके चलते ठाकुर छेदीलाल चिकित्सालय में मरीजों की भारी भीड़ भी देखी जा रही है। जांजगीर चाम्पा जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में ना केवल जांजगीर एवं आसपास गांव के लोग बल्कि पामगढ, नवागढ, बम्हनीडीह, बलौदा एवं अकलतरा क्षेत्र के लोग भी काफी बडी संख्या में उपचार कराने को लेकर पहुंचते है, लेकिन मरीजों का पंजीयन कराने से लेकर उनका उपचार होने तक की स्थिति में ही पूरे एक दिन का समय बीत जाता है। वहीं कई बार तो मरीजों को उपचार के लिए दुसरे दिन आने की बात कहकर चलता कर दिया जाता है, जिसके चलते मरीज एवं उनके परिजनो की परेशानी और भी बढ जाती है। ओपीडी में इलाज कराने के साथ ही जिला अस्पताल के वार्ड भी इन दिनों मरीजों से भर गए है।



जिला अस्पताल में उपचार कराने जुटी मरीजों की भीड़।

### बढ़ रहे डायरिया के मरीज

जिले के कई क्षेत्रो में इन दिनों डायरिया का कहर बढता ही जा रहा है। पहले मामला नवागढ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुथुर में सामने आया, जहां करीब दर्जन भर से भी अधिक लोग डायरिया प्रभावित पाए गए, जिसके बाद गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा शिविर लगाकर प्रभावित लोगों का इलाज किया गया। इसी प्रकार नगर पंचायत खरौद में भी डायरिया से प्रभावित करीब 12 लोगों की पहचान की गई। इस बीच गांव में शिविर लगाकर प्रभावित लोगों का उपचार किया गया। वही इसके बाद अकलतरा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हरदी में भी डायरिया से प्रभावित करीब 18 लोगो की जांच पडताल स्वास्थय विभाग की टीम के द्वारा किया गया। इस बीच जांच के उपरांत 18 लोगों को अस्पताल से छुटटी दे दी गई।

जिला अस्पताल 100 बिस्तर का है, लेकिन वर्तमान में यहां 170 बेड लगाए गए है। बीमारी बढ़ने के साथ ही जिला अस्पताल के बेड अब कम पड़ने लगे है।

### दिए है निर्देश

लगातार बारिश के चलते इसका असर लोगो के स्वास्थय पर पड रहा है। जिला अस्पताल प्रबंधन सहित स्वास्थय विभाग के अधिकारियो को मरीजो के बेहतर उपचार को लेकर आदेश जारी किया गया है। डायरिया के मामले सामने आने पर प्रभावित लोगो का उपचार शिविर लगाकर किया जाता है। वही टीम के द्वारा प्रभावित क्षेत्रो का निरीक्षण भी किया जाता है।

**-मनोज बर्मन,**
सीएमएचओ,
जांजगीर-चांपा

# ट्रक में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कर ली लाखों के चावल की चोरी

### मध्यप्रदेश से दोनों आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ट्रक में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर लाखों के चावल की चोरी कर ली गई। पुलिस को 100 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज खंगालने के बाद चोरों का सुराग लगा। पुलिस ने मध्यप्रदेश से दोनों चोरों को पकड़ा है। घटना में प्रयुक्त ट्रक और 600 बोरी चावल जब्त किया गया है।

ट्रक में फर्जी नंबर प्लेट ,फर्जी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं फर्जी लाइसेंस का उपयोग कर नगर के राइस मिल से 11 लाख 30 हजार रुपए का चावल चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में अकलतरा पुलिस को सफलता मिली है। इस संबंध में पुलिस से यह जानकारी मिली कि नगर के रसिक बिहारी फूड प्राइवेट लिमिटेड के संचालक प्रार्थी रसिक अग्रवाल द्वारा 23 जुलाई को थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके फर्म के द्वारा 1350 बोरी चावल कीमती ग्यारह लाख बावन हजार रुपए अकलतरा से वापी गुजरात जाने के लिए छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्टर बिलासपुर से संपर्क करने पर 13 जुलाई को वापी गुजरात जाने के लिए छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट के द्वारा क्रमांक सीजी04 पीवी 2156 उपलब्ध कराया गया। उक्त वाहन का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, ड्राइवर का लाइसेंस चेक करने के बाद उक्त वाहन से 14 जुलाई को चावल लोड कर वापी गुजरात के लिए ड्राइवर छोटे लाल के साथ रवाना किया गया था। दो दिन बाद छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट बिलासपुर के द्वारा वाहन स्वामी एवं ड्राइवर से संपर्क किया गया। दोनों का मोबाइल नंबर लगातार बंद आने से ट्रांसपोर्टर के द्वारा खोज बिन किया गया लेकिन कोई पता नहीं चला। इसकी सूचना रिपोर्ट पर 23 जुलाई को वाहन स्वामी एवं ड्राइवर के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 316 (3) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सायबर तकनीक से 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज के एनालिसिस से स्पष्ट हुआ कि जो ट्रक ड्राइवर आया था वो फर्जी नंबर प्लेट लगाकर आया था, जिसके द्वारा फर्जी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, लाइसेंस प्रस्तुत करना। विवेचना में ड्राइवर का वास्तविक नाम बृजेश साहू निवासी सेकेंड नागोई चितरंगी सिंगरौली मध्यप्रदेश का होना पाया गया। उक्त ड्राइवर का फोटो पूर्व में प्रार्थी के द्वारा खींचकर रखा गया था जो बृजेश साहू से वह फोटो मैच हो गया, बृजेश साहू को ग्राम चितरंगी मध्यप्रदेश से अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर 14 जुलाई को ट्रक में चावल लोड कर वापी गुजरात के लिए निकलना बताया, परन्तु उसके पहले ही वाहन स्वामी के द्वारा ट्रक ड्राइवर को ट्रक का नंबर चेंज करने के लिए बोला गया और फर्जी आरसी एवं लाइसेंस दिया गया। ट्रक जिसमें चावल लोड होकर गई थीं उसका वास्तविक नंबर सीजी11 04 पीएल 2146 जो वीरेंद्र साहू निवासी बरमबाबा जिला सीधी मध्यप्रदेश के नाम से होना पाया गया। पूछताछ में पता चला कि ट्रक को गुजरात वापी ना ले जाकर पूर्व प्लानिंग के साथ सीधी जिला लेकर जाना था परन्तु ट्रक छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश बार्डर के पास कुकदूर में खराब हो जाने से, ट्रक में लोड चावल को दूसरे ट्रांसपोर्टर से बात करके दूसरे ट्रक में सीधी लेकर चले गए एवं कमलेश गुप्ता निवासी जमुआ जिला सीधी के यहां गोदाम में डंप कर दिया। आरोपी ड्राइवर बृजेश साहू के कथन पर वीरेंद्र साहू का ट्रक को कवर्धा कुकदूर के पास से जप्त किया गया। आरोपी कमलेश गुप्ता के गोदाम से 600 बोरी चावल जप्त किया गया। दोनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर थाना अकलतरा लाकर विधिवत कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा एवं साइबर टीम जांजगीर तथा थाना अकलतरा स्टाफ का योगदान रहा।



पकड़े गए आरोपी व जब्त ट्रक।

## शिव मंदिर में चोरी कर जल चढ़ाने गए घोघडधाम, लौटते ही आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जांजगीर में स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर में चार लोगों ने मिलकर चोरी की। मंदिर की दान पेटी पार करने के बाद सभी जल चढ़ाने घोघड़ धाम उड़ीसा भाग गए। घोघड़ धाम से लौटते ही पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों में तीन नाबालिग भी शामिल हैं।

सावन माह में हर कोई शिव भक्ति में डूबा है। शिव मंदिरो में आस्था के साथ भक्त पहुंच रहे हैं। जांजगीर में ऐसे भक्त सामने आए हैं जिन्होंने पहले शिव मंदिर में चोरी की। बाद भी चोरी के पैसों से घोघड़ धाम उड़ीसा की यात्रा कर जल चढ़ाया। जल चढ़ाकर घोघड़ धाम से लौटते ही चोर जांजगीर में पुलिस के हत्थे चढ़ गए। जांजगीर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सर्वेश्वर महादेव मंदिर है। मंदिर से 26 जुलाई की रात दान पेटी की चोरी कर ली गई। दान पेटी में लगभग 6-7 हजार रुपया था।अज्ञात चोर द्वारा चोरी की सूचना पर जांजगीर सिटी कोतवाली पुलिस में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस ने मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस जांच में जुटी थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही अतुल कश्यप को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपने अन्य नाबालिग साथियों के साथ मिलकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर के दान पेटी को चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ में पुलिस को बताया गया कि चोरी रकम को सभी ने आपस में बांट लिया और 27 जुलाई को ट्रेन से उड़ीसा के घोघड धाम शिव दर्शन करने चले गए। घोघड़ धाम की यात्रा में चोरी का पैसा खर्च हो गया। पुलिस को चोरो के पास से नोट एवं सिक्का मिलाकर 487 रुपए ही मिले। वहीं घटना में प्रयुक्त लोहे का राड एवं उपयोग किए मोटर सायकल स्प्लेण्डर को बरामद किया गया।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 331(4), 305(ए), 3 (5) बीएनएस की कार्यवाही की। नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हीरागढ़ निवासी 19 वर्षीयअतुल कश्यप को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वहीं प्रकरण में शामिल 3 विधि संघर्षरत बालको को किशोर न्यायालय पेश किया गया।

### उपहार...



**जांजगीर-चांपा।** एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने ऑपरेशन उपहार के तहत अपना जन्मदिन मंगलवार 29 जुलाई को कुष्ठ रोगियों और निराश्रित बच्चों के साथ मनाया। एसपी ने इस मौके पर उपहार भी दिए। कुष्ठ आश्रम सोंठी कात्रेनगर के 120 कुष्ठ रोगियों को चादर और 30 निराश्रित बच्चों को जूते-मोजे उपहार स्वरुप दिए।

### बाजार में सामान खरीदने गए युवक से मारपीट कर नगदी व मोबाइल की लूट

**जांजगीर-चांपा।** बाजार सामान खरीदने गए युवक से मारपीट कर मोबाइल एवं नगदी रकम लूट करने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी के कब्जे से 1 नग मोबाइल एवं लूट की रकम बरामद की गई है। प्रार्थी 27 जुलाई को अपने गांव नवापारा से खरीददारी करने सिवनी गया था। सिवनी के रेल्वे फाटक के पास पैदल सिवनी गांव की ओर जा रहा था। नहर के किनारे फ्रेस हो रहा था इसी दौरान दोपहर करीबन 1 बजे ग्राम सिवनी के दिनेश कुमार बरेठ आया और अश्लील गाली गलौज करते मारपीट कर इसके पास रखे मोबाईल एवं जेब में रखे 1800 रूपये को लूटकर भाग निकला। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपी को घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ लिया। दिनेश कुमार बरेठ को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### पुलिस हिरासत में मारपीट करने वाला एएसआई सस्पेंड, थाना प्रभारी लाईन अटैच

**जांजगीर-चाम्पा।** बम्हनीडीह थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक को एस पी ने निलंबित कर दिया है। वहीं थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया है। सहायक उप निरीक्षक पर पुलिस हिरासत में आरोपी की पिटाई करने का आरोप लगा था। एस पी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है।बम्हनीडीह पुलिस ने मारपीट के मामले में कपिस्दा निवासी ठाकुर सिंह चंद्रभास को 26 जुलाई को गिरफ्तार किया था। ठाकुर सिंह चंद्रभास ने आरोप लगाया कि न्यायालय ले जाने से पहले थाने में एएसआई सुनिल टैगोर ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने न्यायालय में जज के सामने भी अपनी आप बीती बताई। मामले की जानकारी एस पी तक पहुंची। पुलिस हिरासत में पिटाई की शिकायत को एस पी विजय कुमार पाण्डेय ने गंभीरता से लिया। एस पी ने थाना बम्हनीडीह में पदस्थ एएसआई सुनील टैगोर को कर्तव्य के प्रति अनुशासन हिनता पर निलंबित कर दिया। वहीं थाना प्रभारी भवानी सिंह चौहान को लाइन अटैच कर दिया हैं। पुलिस लाइन में पदस्थ उप निरीक्षक के पी सिंह को बम्हनीडीह थाना प्रभारी बनाया गया है।

**बस स्टैण्ड में शराब पीने वाला आरक्षक निलंबित**-जिला मुख्यालय जांजगीर में सावर्जनिक स्थान पर शराब पीना पुलिस आरक्षक को महंगा पड़ गया। पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक राहुल दास महंत बस स्टैण्ड जांजगीर में खुलेआम शराब पी रहा था। आरक्षक की शराब पीते विडियो और फोटो एसपी तक पहुंच गई। इसे गंभीरता से लेते हुए एसपी विजय कुमार पांडेय ने आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### झोला में भरकर घर जाने वाले लोग आज पॉलिथीन में लेकर जाने मजबूर

# महंगाई ने बिगाड़ा जायका, टमाटर के साथ हरी सब्जियों के दाम छू रहे आसमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बढ़ती महंगाई के कारण थाली से विभिन्न प्रकार के हरी सब्जी गायब हो रही हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि अब लोग किलो दो किलो की जगह एक पाव या आधा किलो ही सब्जी खरीद रहे है। झोला में भरकर घर जाने वाली सब्जी को लोग आज पॉलिथीन में ले जा रहे हैं। वर्तमान में गोभी 100 रुपए किलो, टमाटर 60 रुपए किलो बिक रहा है तो वहीं धनिया की कीमत डेढ़ सौ रुपये प्रति किलो के पार हो गया है। अदरक भी 120 रुपए किलो तो बरबटी व परवल 80 रुपए किलो तक पहुंच गया है। कोई भी हरी सब्जी 60 रुपये से कम नहीं मिल रही है।

पिछले कुछ दिनों से सब्जियों के दाम काफी बढ़ रही है। दामों में बेतहाशा वृद्धि से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार चितिंत दिखाई दे रहे है। लगातार सब्जियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि से आम आदमी का रसोई का बजट बिगड़ने लगा है। पिछले पखवाड़ेभर से सब्जियों के दामों में निरंतर वृद्धि हो रही है। सब्जियों के साथ टमाटर भी इन दिनों 60 रूपये किलो के हिसाब से बिक रहा हैं, जिसके चलते थाली का जायका भी बिगड़ने लगा है। बढ़ते टमाटमर की कीमत के चलते घरों में चटनी बनना लगभग बंद हो गया है। बाजार में सभी सब्जियों के दामों में वृद्धि से गरीबो की थाली का जायका बिगाड़ रही है। सब्जी कारोबारियों का कहना है कि अन्य प्रदेशो से सब्जी का आवक हो रही है। ऐसे में आम आदमी को सब्जी खरीदने से पहले कई बार सोचना पड़ रहा है। वहीं सब्जी के दामों में वृद्धि होने के चलते कई ग्राहक पहले की बजाय सब्जी कम मात्रा में खरीदने लगे है। इन दिनों टमाटर 60-70 रूपये, अदरक 120, खीरा 40, हरी धनिया 150 रूपये, प्याज 30 रूपये, फुल गोभी 100 रूपये, बैगन 50, आलू 20 रूपये, भिंडी 60 रूपये, पत्ता गोभी 60 रुपए, बरबट्टी 80 रुपए किलो बिक रहा है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है बरसात के मौसम होने के कारण सब्जी के दामों में बढ़ोतरी हुई है, जिस वजह से हरी सब्जी ऊंची कीमत पर बेचना पड़ रहा है। जब तक लोकल सब्जी बाजार में नहीं आएगी, तब तक सस्ता होने की कोई उम्मीद नहीं है।



## प्लांट में घुसकर मारपीट करने वाले पांच आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम महुदा के जीडी पवार प्लांट में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट कर तोड़फोड़ करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जीडी पावर प्लांट में काम करने वाले मजदूर भुवन बरेठ की 23 जुलाई को कन्वेयर बेल्ट में फंसने से मौत हो गई थी। भुवन की मौत के बाद उसके परिजन और जान पहचान वाले प्लांट पहुंच गए। मुआवजा और कार्रवाई की मांग को लेकर मौके पर हंगामा किया गया। हादसे में मृत्यु के कारण आरोपी परिजन उग्र होकर प्लांट में कर्मचारियों से मारपीट कर गाड़ियों में तोड़फोड़ किया था। प्रार्थी दीपक दास महंत की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध कायम किया। मनीराम बरेठ, राहुल बरेठ तथा अन्य के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस टीम के द्वारा प्रकरण में पांच आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में मनीराम बरेठ उम्र 40 वर्ष निवासी परसवानी, नागेश्वर बरेठ उर्फ चुन्ना बरेठ उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम परसवानी, शिव शंकर बरेठ 27 वर्ष निवासी बलौदा, देवचरण बरेठ उम्र 43 वर्ष निवासी परसवानी, अतुल बरेठ उम्र 21 वर्ष निवासी फरसवानी को गिरफ्तार किया गया। वहीं प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### तन्मय बने कटघोरा के अनुविभागीय अधिकारी

**कोरबा।** सामान्य प्रशासन विभाग ने 2023 बैच के 4 अफसरों की पदस्थापना सूची जारी की है। सूची में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2023 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में फेस दो प्रशिक्षण संपन्न करने तथा 25 जुलाई को कार्यमुक्त होने के बाद अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। सूची में 2023 बैच के आईएएस अनुपमा आनंद को सहायक कलेक्टर रायपुर से अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली महासमुंद भेजा गया हैं। आईएएस एम भार्गव को सहायक कलेक्टर दुर्ग से अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ राजनांदगांव। आईएएस तन्मय खन्ना को सहायक कलेक्टर बिलासपुर से अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा कोरबा, आईएएस दुर्गा प्रसाद अधिकारी को सहायक कलेक्टर जांजगीर चांपा से अनुविभागीय अधिकारी घरघोड़ा रायगढ़ भेजा गया हैं।

### सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि में प्रवेश अगस्त तक

**कोरबा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई-जून 2025-26 लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश अधिसूचना के तहत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं कौशल विकास कार्यक्रम पाठ्यक्रमों में स्नातक कोर्स अंतर्गत, बीए, बीएससी गणित व जीवविज्ञान, बीकॉम (आनर्स) बीबीए(आनर्स), बी-लिब एंड आईएससी, स्नाकोत्तर कोर्स के अंतर्गत एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एमकॉम, एमए/एमएससी गणित व कम्प्यूटर साइंस, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस, पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा अंतर्गत पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा कोर्स अंतर्गत डिप्लोमा इन योग साइंस, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा इन साइकोलॉजीकल गाइडेंस एंड काउंसलिंग, रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा आदि कोर्स शामिल है।

### केंद्रीय छात्रवृत्ति योजना के संबंध में अधिसूचना जारी

**कोरबा।** भारतीय वृक्षारोपण प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु में कृषि-निर्यात और प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र में 2 वर्ष के एआईसीटीई अनुमोदित स्नातकोत्तर कार्यक्रम अंतर्गत पीजीडीएम इन एग्रीबिजनेस एंड प्लांटेशन मैनेजमेंट, फूड प्रोसेसिंग एंड बिजनेस मैनेजमेंट एवं एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट एंड बिजनेस मैनेजमेंट कोर्स प्रदान करता है। संस्था वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय नई दिल्ली का एक स्वायत्त संगठन है। साथ ही भारत सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है एवं अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रों के लिए उच्च श्रेणी की शिक्षा के लिए केंद्रीय क्षेत्रीय छात्रवृत्ति के अंतर्गत पंजीबद्ध है।

### ग्रामों के जारी नक्शा शीटों खसरों पर दावा आपत्ति

**कोरबा।** जिला में असर्वेक्षित ग्रामों का राजस्व सर्वेक्षण का कार्य प्रक्रियाधीन है। जिसके तहत राजस्व निरीक्षक मंडल ग्रामीण व तहसील कोरबा अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 11 ग्राम भूलाझेरिया एवं राजस्व निरीक्षक मंडल तिवरता, तहसील हरदीबाजार अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 9 ग्राम मसुरिया से प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत किसी प्रकार की दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने से अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही हेतु उद्घोषणा किया जाना है। सर्वेक्षण कार्य एजेन्सी आईआईटी रुड़की द्वारा अंतिम प्रकाशन हेतु तहसील कोरबा अंतर्गत ग्राम भूलाझेरिया के 1 नक्शा शीट, तहसील हरदीबाजार के ग्राम मसुरिया के 1 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है। संबंधित नक्शा शीटों का भौतिक सत्यापन राजस्व सर्वेक्षण दल द्वारा कराकर नक्शा व खसरा तैयार किया गया है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार अभिलेख खसरा व नक्शा भू-धारकों के अवलोकन हेतु संबंधित ग्रामों के पंचायत भवन में कार्यालयीन अवधि में उपलब्ध रहेगा। उक्त संबंध में हल्का पटवारी द्वारा तैयार किए गए नक्शा शीटों एवं खसरों पर दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है।

## झारखंड, रांची जाने वाली अंतरराज्यीय यात्री बसें प्रतिदिन गुजरती हैं

# 50 साल पुराने जर्जर पुल से प्रतिदिन गुजरते हैं सैंकड़ों वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

झगरहा से कोरकोमा होकर कुदमुरा हाटी होते हुए जशपुर झारखंड रांची जाने वाले मार्ग में कोरकोमा के पास स्थित 50 साल पूर्व बने पुल की हालत जर्जर हो चुकी है।

**खास बात**

- मरम्मत को लेकर अब तक नहीं बनी कोई बड़ी कार्ययोजना

कभी कभार लोक निर्माण विभाग के द्वारा खानापूर्ति कर दी जाती है। वर्तमान में बारिश के दौर में इस जर्जर पुल से सैंकड़ों वाहन गुजर रहे हैं। जिनमें अंतरराज्यीय यात्री बसों के अलावा निजी वाहन के साथ भारी वाहन भी शामिल हैं।

शहर के बड़े और प्रमुख मार्गों में स्थित पुल पुलियों के नवनिर्माण का काम शासन के अधोसंरचना मद से बीते कुछ वर्षों से किया जा रहा है। जिनसे कुछ स्थानों के पुल पुलियों की तस्वीर बदल चुकी है। इसके बावजूद कुछ ऐसे प्रमुख मार्ग मौजूद हैं जिनके मरम्मत और नवनिर्माण को लेकर कोई बड़ी कार्ययोजना बनते नजर नहीं आ रही है। ऐसे प्रमुख मार्ग में झगरहा कोरकोमा मार्ग शामिल हैं। इस मार्ग में स्थित पुराने पुल को बने हुए 50 साल पूरे हो चुके हैं।



जर्जर पुल।

**वन विभाग ने किया था पुल निर्माण**

ग्रामीण अंचलों में आवागमन के लिए वन मार्गों में वन विभाग के द्वारा ही उस समय पुल पुलियों का निर्माण किया जाता था। कोरकोमा झगरहा मार्ग में निर्मित पुल वन विभाग के द्वारा तैयार किया गया है। निर्माण के दौरान वन विभाग ने गुणवत्ता को लेकर जिस तरह का मापदंड तैयार किया था उसका परिणाम है कि पुल आधी सदी गुजर जाने के बाद आवागमन मुख्य साधन बना हुआ है।

**खतरे से सचेत करने लगाया गया बोर्ड**

आवागमन करने वाले वाहन चालकों को पुल के जर्जर होने और हादसे की संभावना को देखते हुए खतरे से सचेत करने बोर्ड भी लगाया गया है। सकरा होने के कारण एक मात्र वाहन ही पुल से गुजर सकता है। बरसात में खतरे के मद्दे नजर यात्री गाड़ियों को गुजारने में वाहन चालकों को सावधानी बरतनी पड़ती है। कई बार दोनों ओर जाम भी लग जाता है।

स्थानीय निवासियों की मानें तो पुल को बने हुए लंबा अंतराल हो चुका है। मरम्मत को लेकर कई बार शासन प्रशासन तक अपनी बातें पहुंचाई गई हैं। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के क्षेत्रीय दौरा के दौरान उनको पुल की हालत से अवगत कराया जा चुका है। अब तक पुल के मरम्मत तो दूर दोनों ओर लोहे की रेलिंग भी नहीं लगी है। बांस बल्ली के सहारे रेलिंग बनाई गई है। भारी वाहनों के आवागमन से बरसात के समय पुल के ढहने का भी खतरा बना रहता है।

**सड़क के दोनों ओर की बही मिट्टी**

झगरहा से कोरकोमा की ओर जाने वाले मार्ग में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के करीब सड़क की दोनों ओर की मिट्टी बारिश में बह जाने के कारण सड़क सकरी हो गई है। बारिश में मिट्टी में वाहनों के फंसने से बचाने के लिए वाहन चालक उक्त सड़क मार्ग से सिंगल गाड़ी ही गुजारते हैं मात्र एक गाड़ी गुजारने के कारण दोनों ओर गाड़ी का जाम लगता है। पीडब्ल्यू विभाग ने सड़क के दोनों ओर मिट्टी के बहने से बने गढ्ढों को भरने और समतलीकरण करने का कार्य भी नहीं किया गया है।



# पड़ोसी जिले का निकला बाइक चोर गिरोह का सरगना, 4 बाइक को छिपाकर रखा था जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले का एक शातिर बदमाश पिछले 4 महीने से दीपिका थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना को लगातार अंजाम दे रहा था। जिसने दीपका पुलिस की नाक में दम कर रखा था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर दीपका पुलिस की टीम शातिर बदमाश को धरदबोचने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। आखिरकार दीपिका पुलिस की मेहनत रंग लाई और पुलिस ने पड़ोसी जिले में दबिश देकर शातिर बाइक चोर को धरदबोचा है। पकड़े गए शातिर चोर ने की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की कुल 4 मोटरसाइकिल को दीपिका के जंगल से बरामद कर लिया है जबकि आरोपी से और भी बाइक चोरी की बाइक बरामद होने की संभावना जताई जा रही है। जिससे कड़ी पूछताछ की जा रही है।

**खास बात**

- दीपका पुलिस की मेहनत रंग लाई, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के गिरेबान तक पहुंची पुलिस

बताया जाता है कि यह बाइक चोर अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के माध्यम से लंबे समय से इस वारदात को अंजाम दे रहा था। बताया जाता है कि दीपिका थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपिका कॉलोनी व खदान क्षेत्र में पिछले कुछ महीनो से लगातार मोटरसाइकिल की चोरी हो रही थी। लगातार बढ़ती चोरी की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को बाइक चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने के लिए निर्देशित किया था जिसके बाद दीपिका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू अपनी टीम के साथ लगातार प्रयास में जुटे हुए थे। इस बीच पुलिस को दीपिका कॉलोनी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक पुलिस को फुटेज प्राप्त हुआ। जिसके आधार पर पुलिस लगातार काम करते गई और यही सब पुलिस को क्लू मिला और फिर क्या था पुलिस ने पड़ोसी जिले जांजगीर-चांपा के थाना बलौदा निवासी सुनील देवार उम्र 24 वर्ष, पिता राजेन्द्र देवार को धरदबोचा और जब पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने दीपका क्षेत्र में चोरी करना कबूल कर लिया। शातिर बदमाश ने पुलिस से बचने के लिए उसने चोरी की बाइक को अपने घर में नहीं रखी थी बल्कि दीपका थाना क्षेत्र के जंगल में ही चोरी की चारों बाइक को छिपाकर रखा था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की 4 नग मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है और पुलिस आरोपी से कड़ी पूछताछ कर रही है। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि इस चोरी के मामले में कुछ अन्य गिरोह के सदस्य भी शामिल हैं। फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस प्रयास कर रही है जिससे संभावना जताई जाए जा रही है कि चोरी की कुछ और मोटरसाइकिल भी बरामद होंगे।



पुलिस गिरफ्त में जप्त बाइक के साथ चोर गिरोह का सरगना।

**ये मोटर सायकल हुए बरामद**

दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी सुनील देवार के कब्जे से पुलिस ने मोटर सायकल में हिरो एच.एफ. डिलक्स क्रमांक सीजी 12 एवाय 4211, होण्डा सीबी साइन क्रमांक सीजी 12 एब्डल्यू 1976, हीरो स्पेनडर प्लस क्रमांक सीजी 12 बीके 4368, टीव्हीएस लूना को बरामद किया है। पुलिस को संभावना है कि सुनील अपने साथियों के पास चोरी की और मोटर सायकल छिपाकर रखा है। सुनील की निशानदेही पर पुलिस मामले में लिप्त और लोगों के धरपकड़ का प्रयास कर रही है। फरार आरोपियों के पकड़े जाने के बाद चोरी की कुछ और मोटर सायकल बरामद हो सकती है।

# दो अलग- अलग मकान में चोरी, हजारों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में दो स्थानों में चोरी की घटना सामने आयी है जहां मकान मालिकों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

चोरी की पहली घटना सिविल लाइन रामपुर क्षेत्र की है। खरमोरा निवासी सुनीता कर्ष उम्र 30 वर्ष पति मनोज कर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खरमोरा में किराये के मकान में अपने पति व दो बच्चों के साथ निवास करती है। 26 जुलाई की दोपहर लगभग 1 बजे सुनीता के घर में रखे नगदी 30 हजार रूपये एवं चांदी का पायल को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी शुरु कर दी है। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली की है। यहां निवासरत व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रोजी मजदूरी का कार्य करता है। 25 जुलाई की रात्रि 8 बजे वह अपने भतीजा मोहम्मद आलम के घर खाना खाने गया था, घर में मुख्य द्वार पर ताला लगाया था, खाना खाकर वापस रात्रि 10 बजे अपने घर आकर देखा तो घर का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा था। अंदर कमरे में जाकर देखा तो कमरे में रखे लकड़ी का आलमारी खुला था, आलमारी के अंदर रखे पेटी भी खुला था, पेटी में रखे नगदी रकम 15 हजार रुपए एवं 1 जोडी छोटी कान का बाली सोने का एंव 1 जोडी पैर पट्टी जुमला किमती लगभग 23 हजार रुपए को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है।

# छेड़छाड़ के मामले में डीएमसी के खिलाफ अपराध दर्ज, कब होगी गिरफ्तारी

**कोरबा।** शिक्षा विभाग में पदस्थ डीएमसी के खिलाफ सहकर्मी महिला की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में छेड़छाड़ का अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा में पदस्थ डिस्ट्रिक मिशन कोआर्डिनेटर मनोज पांडे पर असिस्टेंट प्रोजेक्ट को कॉर्डिनेटर ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की थी। महिला की शिकायत सिविल लाइन पुलिस ने मनोज पाण्डेय के खिलाफ छेड़छाड़ का अपराध दर्ज किया है। सूत्र बताते हैं कि लंबे समय से मनोज पाण्डेय महिला सहकर्मी को परेशान कर रहा था। परेशान होकर आखिरकार महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। देखना है कि अब डीएमसी मनोज पाण्डेय की मामले में कब तक गिरफ्तारी होती है।

## तहसीलदार, नायब तहसीलदार हड़ताल पर गए

# तहसील ऑफिसों में कामकाज रहा ठप, बैरंग लौटे पक्षकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

17 सूत्रीय मांगों को लेकर कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ के चरणबद्ध आंदोलन की सोमवार से शुरुआत हो गई। तहसीलदार, नायब तहसीलदार की हड़ताल पर चले जाने से सभी तहसील कार्यालयों में कामकाज ठप्प रहने के कारण पक्षकारों को पेशी तारीख आगे बढ़ने के कारण बैरंग लौटना पड़ा।

तहसीलदार, नायब तहसीलदार के हड़ताल पर जाने की सूचना प्रशासन को एक सप्ताह पूर्व ही कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ द्वारा दे दी गई थी। 28 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन 17 सूत्रीय मांग को लेकर शुरु किया गया है। पहले दिन ही जिले के सभी तहसील कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह ठप्प रहा। आम पक्षकारों को तहसीलदार, नायब तहसीलदारों की हड़ताल पर जाने की सूचना नहीं होने की वजह से वह अपने पेशी तारीख को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे हुए थे, जहां अधिकारियों के हड़ताल पर जाने की जानकारी होने पर बैरंग लौटना पड़ा। इसी तरह तहसील कार्यालय के कर्मचारी भी अन्य दिनों की भांति सामान्य तरह से कामकाज निपटाते रहे। राजस्व न्यायालय में अभ्यास करने वाले अधिवक्ता भी सोमवार को तहसील कार्यालयों में कम नजर आये। आम पक्षकारों को अपने अधिवक्ताओं से मिलने के लिए इंतजार करना पड़ा। कई पक्षकार जमीन के सीमांकन, नामांतरण एवं स्थगन आदेश जैसे मामले को लेकर पेशी में उपस्थित होने पहुंचे हुए थे जहां से उन्हें वापस लौटना पड़ा। इसके तहत पहले दिन 28 जुलाई को जिला स्तर पर सामूहिक अवकाश लेकर विरोध प्रदर्शन होगा। 29 जुलाई को संभाग स्तर पर सामूहिक अवकाश एवं प्रदर्शन किया जाएगा और 30 जुलाई को प्रदेश स्तर पर सामूहिक अवकाश लेकर राजधानी में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। यदि 30 जुलाई तक तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों समेत सभी राजस्व अफसरों की मांग पूरी नहीं की जाती है तो इसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जायेगा।




**न्यायालय-श्रीमती मनोज कुमार लढ़िया प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, अनूपपुर, जिला-अनूपपुर म.प्र.**
प्रो.क्र./43/ न्याया./2025 अनूपपुर
दिनांक 12.07.2025
(धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम)
प्रोसेस क्रमांक.....2025
प्रकरण क्रमांक 52ए/2023 C24/23)
तारीख पेशी- 18.08.2025

विनोद कुमार पिता शहजाद उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सामतपुर, पो. अनूपपुर थाना व तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प्र....आवेदक **बनाम** चांदनी टंडन पत्नी विनोद कुमार उम्र 28 वर्ष पुत्री बाबूलाल टंडन निवासी ग्राम खरवानी पो. बेलाडूला, तहसील जैजेपुर जिला शक्ति छ.ग........ अनावेदिका

**इश्तहार**

प्रति,
चांदनी टंडन पत्नी विनोद कुमार उम्र 28 वर्ष पुत्री बाबूलाल टंडन निवासी ग्राम खरवानी पो. बेलाडूला, तहसील जैजेपुर जिला शक्ति छ.ग.

क्योकि आवेदक विनोद कुमार ने आपके विरूद्व व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक-52ए/2023 विनोद कुमार विरूद्व चांदनी टंडन दिनांक 28.07.2023 को आवेदन अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 हेतु व्यवहार वाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने किसी अधिकृत अधिवक्ता के द्वारा जिन्हे प्रकरण के तथ्यों का सम्यक ज्ञान हो के द्वारा आगामी सुनवायी तिथि 18.08.2025 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें एवं जिन दस्तावेजों पर आज विश्वास करते हैं उन्हे भी प्रस्तुत करें।

आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण की सुनवाई की जाकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जा सकेगा। उक्त दिनांक 18.08.2025 अवकाश घोषित हो जाने पर अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थिगित हो जाने पर प्रकरण की सुनवायी अगले कार्य दिवस को की जावेगी। आज दिनांक 12.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

न्यायालय की मुद्रा
**(श्रीमती मनोज कुमार लढ़िया)**
**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, अनूपपुर म.प्र.**

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
24/7
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में सूजन, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वेरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# अमिताभ ने शेयर की फिल्म शोले की पुरानी टिकट

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन अपने ब्लॉग और सोशल मीडिया पर अक्सर दिलचस्प बातें शेयर करते हैं। हाल ही में उन्होंने एक फिल्म की टिकट का फोटो शेयर किया है। यह टिकट उन्ही की फिल्म शोले का है। इसकी कीमत 20 रुपए है। अमिताभ ने सोमवार सुबह अपने निजी ब्लॉग पर अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें से एक में टिकट भी था। अभिनेता ने बताया कि आज एक पेय की कीमत उतनी ही है, जितनी पहले टिकटों की होती थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा शोले का टिकट संभाल कर रखा गया है। इसकी कीमत 20 रुपए है। मुझे बताया गया है कि आजकल सिनेमाघरों में एक ड्रिंक की कीमत यही है।

## लाइफ Style

# मेधा

## बॉर्डर 2 में बनेंगी वरुण धवन की प्रेमिका

फ्राइडे नाइट प्लान, इश्क इन द एयर, डांसिंग ऑन द ग्रेव और लंदन फाइल्स में अपने दमदार अभिनय से सबको चौंकाने वाली अभिनेत्री मेधा राणा बॉर्डर 2 में बॉलीवुड स्टार वरुण धवन की प्रेमिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मेधा के चुनाव को लेकर निर्माता भूषण कुमार ने कहा, 'हमारे लिए किसी ऐसी अभिनेत्री को ढूंढना बेहद जरूरी था जो स्वाभाविक रूप से उस क्षेत्र की भाषा, भाव और असली माहौल को फिल्म में सही तरीके से दिखा सके। मेधा ने अपनी काबिलियत से सबको प्रभावित किया, खासकर क्षेत्र की बोली, बोलने के तरीके, और अभिनय में भावों की गहराई ने सभी को चौंका दिया। हमें पूरा विश्वास है कि मेधा इस रोल में बिल्कुल परफेक्ट है।' बता दें कि मेधा सैन्य परिवार से आती है। प्रोड्यूसर निधि दत्त ने कहा कि बॉर्डर 2 सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक भावना है। इसमें गहरा एहसास और अटूट जज्बा है। मेधा को कास्ट करने के बारे में उन्होंने कहा, 'फिल्म में डायरेक्टर से लेकर सभी कलाकारों का चुनाव इस वजह से किया गया है ताकि एक ऐसी कहानी दिखाई जा सके जो सच्ची और प्रेरणादायक लगे। मेधा राणा और वरुण धवन साथ मिलकर फिल्म में एक नई ताजगी लाएंगे, यह जोड़ी कहानी को खूबसूरत बना देगी। मेधा राणा की उम्र 24 साल बताई जा रही है। उनका जन्म 25 दिसंबर 1999 को गुरुग्राम में हुआ है। हालांकि, उनकी पढ़ाई-लिखाई चंडीगढ़ और बेंलगुरु में हुई है।




## हॉलीवुड मसाला



# स्टेज शो में अचानक उतर गई स्कर्ट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज ने 25 जुलाई को पोलैंड के वारसॉ में अपना कॉन्सर्ट कर रही थीं। इसी दौरान ये हादसा हुआ। जेनिफर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जेनिफर स्टेज पर अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस दे रही थीं। इस दौरान सिंगर ने एक गोल्डन कलर की शॉर्ट स्कर्ट पहली थी, जो अचानक ही स्टेज पर सबके सामने ढीली होकर नीचे गिर गई। इससे वो काफी घबरा जाती हैं, लेकिन जेनिफर ने वार्डरोब मालफंक्शन को बहुत ही अच्छे से हैंडल किया।



# सैयारा के टाइटल ट्रैक ने जस्टिन बीबर को पछाड़ा

**मुंबई।** आईएमडीबी की टॉप 10 सिलेब्रिटीज़ में मोहित सूरी के साथ-साथ 'सैयारा' के कलाकार अहान पांडे और अनीत पड्डा ने भी टॉप पर जगह बना ली है। हॉलीवुड गानों की और यहां भी सैयारा ने ही बाजी मार ली है। अहान और अनीत की ये फिल्म दुनिया भर में तहलका मचाए हैं। इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि सैयारा ने जस्टिन बीबर, बिली इलिश, ब्लैकपिंक और ब्रूनो मार्स जैसे सितारों को भी पछाड़ दिया है। सैयारा की सफलता का सिलसिला अभी थमता नहीं दिख रहा। फहीम अब्दुल्ला द्वारा गाए और हिटमेकर तनिष्क बागची के लिखे इस फिल्म के टाइटल ट्रैक ने न केवल भारतीय रेडियो पर धूम मचाई है, बल्कि दुनिया भर के ऑडियंस का दिल भी जीत लिया है। सैयारा का टाइटल ट्रैक ऑफिशियली स्पॉटिफाई के ग्लोबल वायरल 50 चार्ट में टॉप पर पहुंचने वाला पहला भारतीय सॉन्ग बन गया है।



# देवदास देख लिया अभिनेत्री बनने का फैसला

**नई दिल्ली।** एली अवराम उन चुनिंदा एक्ट्रेसेज में से हैं जो बाहर से भारत आईं और यहां अपने दम पर पहचान बनाई। उनकी खूबसूरती, डांस और मासूमियत ने लोगों को खूब पसंद आया। फिल्म किस किसको प्यार करूं और रियलिटी शो बिग बॉस से उन्होंने बॉलीवुड में अच्छी पहचान बनाई। एली का जन्म 29 जुलाई 1990 को स्वीडन के स्टॉकहोम में हुआ था। वो स्वीडिश-ग्रीक मूल की हैं। बचपन से ही उन्हें डांस और एक्टिंग का शौक था। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि जब वो सिर्फ 14 साल की थीं, तब उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म देवदास देखी थी। उसी दिन उन्होंने सोच लिया था कि उन्हें बॉलीवुड में काम करना है। एली अवराम टूरिस्ट वीजा लेकर बॉलीवुड में यानी मुंबई में आई थीं। यहां उन्होंने हिंदी बोलना सीखा, ऑडिशन दिए और धीरे-धीरे इंडस्ट्री में जगह बना ली।




# वॉर-2 की रिलीज से पहले हो गई बंपर कमाई

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की मोस्ट अवेटेड फिल्म वॉर 2 को लेकर बॉलीवुड में काफी क्रेज है। कहा जा रहा है कि 400 करोड़ में बनने वाली ये फिल्म 15 अगस्त के मौके पर रिलीज होने जा रही है। एक तरफ जहां वॉर 2 ने रिलीज से पहले ही लोगों में इसे देखने का क्रेज बढ़ता जा रहा है वहीं, फिल्म ने रिलीज होने से पहले ही मेकर्स की लॉटरी निकाल दी है। दरअसल, वॉर 2 के तेलुगु वर्जन को मेकर्स ने 90 करोड़ रुपए में बेचने में कामयाबी हासिल की है। कहा जा रहा है कि टॉलीवुड के मशहूर फिल्म मेकर नागा वामसी ने वॉर 2 के तेलुगु वर्जन के राइट्स 90 करोड़ में खरीद लिए हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा फायदा जूनियर एनटीआर को होता दिख रहा है, क्योंकि अगर फिल्म हिट होती है तो जूनियर एनटीआर नागा वामसी के साथ हैट्रिक लगाते दिखेंगे।

## टीवी मसाला



# 1000 एपिसोड पार करने वाला पहला शो था 'एक महल हो सपनों का'

**नई दिल्ली।** एक वक्त ऐसा था, जब लोग टीवी से चिपके रहते थे। उस पर आने वाले सभी धारावाहिकों को चाव से देखते थे। वह उन सीरियल में इतना घुल जाते थे कि उस कहानी को सच मान बैठते थे। उसके साथ ही हंसते थे और उसके साथ ही रो पड़ते थे। एक धारावाहिक कई सालों तक चलते थे, जिनसे ऊब भी नहीं होती थी। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे डेली सोप ने टीवी की दुनिया में लंबे समय अपनी धाक जमाए रखी। लेकिन इसके पहले भी एक शो आया था, जिसने इसे टक्कर दी थी। और 1000 एपिसोड पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया था। उसने इतिहास रचा था। हम बात कर रहे हैं सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर आने वाले शो 'एक महल हो सपनों का' की। यह शो अपने समय का सबसे लंबे समय तक चलने वाला भारतीय टीवी धारावाहिक माना जाता था। ये 25 जनवरी, 1999 को शुरू हुआ था और 29 नवंबर, 2002 को ऑफ एयर हुआ था। यह कुल 2 साल और 10 महीने तक चला था। 'एक महल हो सपनों का' शो हिट गुजराती सीरीज 'सपना ना ववेतार' का हिंदी रीमेक था, जो 1996 से 1997 तक डीडी गुजराती पर आता था। हिंदी वाला धारावाहिक, उससे ज्यादा समय तक टीवी पर प्रसारित हुआ था। शो के डायरेक्टर विपुल शाह ने 'दैनिक भास्कर' को बताया था कि दर्शक शो के सभी किरदारों से बहुत ज्यादा कनेक्टेड हो गए थे। 'क्रेज इतना ज़्यादा था कि लोग सिर्फ़ इस शो को देखने के लिए अपनी दुकानें बंद कर देते थे।'

## कपिल शर्मा के शो पर परिणीति के साथ बिना जूतों के पहुंचे राघव

**नई दिल्ली।** परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा इस बार कपिल शर्मा के मेहमान बने हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के अपकमिंग एपिसोड के प्रोमो वायरल हैं। इसमें राघव और कपिल की टीम के बीच मजेदार बातचीत दिख



रही है। शो में राघव नंगे पैर पहुंचते हैं इस पर कपिल उनके मजे लेने की कोशिश करते हैं। इस पर राघव ने बताया कि वह शो पर आ रहे थे तो स्टेज के पीछे उनके जूते चोरी हो गए। कुछ देर में जूते चुराने वाले भी वहां पहुंच गए। कपिल शर्मा के शो पर पॉलिटीशियन राघव चड्ढा पहुंचे तो उनके पैरों में जूते नहीं थे। कपिल ने उनसे मजाक में कहा कि क्या राघव ने मन्नत मांगी थी कि परिणीति से शादी हो जाएगी तो कपिल के शो पर नंगे पैर जाएंगे। इस पर राघव ने बताया कि उनके जीते स्टेज के पीछे चोरी हो गए। इसके बाद कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक जूते लेकर आ जाते हैं और राघव को जीजू बोलकर उनसे पैसों की डिमांड करते हैं।




# पौराणिक एक्शन फिल्म महावतार नरसिम्हा ने मचाई धूम ...

**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर सैयारा के तूफानी प्रदर्शन के बीच 25 जुलाई को सिनेमाघरों में एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई, जिसने दर्शकों के दिलों में सीधे जगह बना ली और उस फिल्म का नाम है 'महावतार नरसिंह'। यह फिल्म पिछले तीन दिनों से लगातार हाउसफुल चल रही है। सैयारा को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। महज 35-40 करोड़ में बनकर तैयार हुई इस फिल्म ने अब तक वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कुल 372.71 करोड़ की कमाई कर तहलका मचा दिया है। वहीं, सैयारा के बाद 25 जुलाई को रिलीज हुई एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिंह' ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की। पहले दिन से लेकर अब तक यह फिल्म सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही है। इस फिल्म को देखने लोग अपने पूरे परिवार के साथ सिनेमाघर पहुंच रहे हैं। पहले दिन जहां इस फिल्म की कुल कमाई 1.35 करोड़ हुई थी, वहीं दूसरे दिन 3.25 करोड़ और फिर दिन यानी रविवार को इसकी कमाई लगभग 6.50 करोड़ रही। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हिंदी में 'महावतार नरसिम्हा' का तीन दिनों का कुल कलेक्शन अब 11.35 करोड़ रुपए हो गया है। 'महावतार नरसिम्हा' एक महाकाव्य पौराणिक एक्शन फिल्म है, जिसका निर्देशन अश्विन कुमार ने अपने निर्देशन में किया है। यह फिल्म जयपूर्ण दास द्वारा लिखित और क्लेम प्रोडक्शंस व होम्बले फ़िल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म राक्षस हिरण्यकश्यप पर केंद्रित है, जो भगवान विष्णु से बदला लेना चाहता है और स्वयं को भगवान घोषित करता है। उसका पुत्र, प्रह्लाद, विष्णु का भक्त है। राक्षस को हराने और संतुलन बहाल करने के लिए विष्णु नरसिंह के रूप में प्रकट होते हैं।

# आशीर्वाद ने मेरे हृदय को शांति से भर दिया : सनी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच सनी ने सोमवार सोशल मीडिया हैंडल पर दलाई लामा के साथ एक शानदार तस्वीर शेयर की है। इस खास तस्वीर के साथ सनी ने एक भावुक नोट भी लिखा है। सनी देओल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और दलाई लामा की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस शानदार तस्वीर के साथ सनी ने कैप्शन में बेहद ही भावुक नोट लिखा, 'बहुत सम्मान और कृतज्ञता का पल। लद्दाख की शांत वादियों में परम पावन दलाई लामा से मुलाकात हुई। उनकी मौजूदगी, ज्ञान और आशीर्वाद ने मेरे मन को शांति दी। यह पल सचमुच अविस्मरणीय है।' सनी की इस खास पोस्ट के बाद फैंस ने भी जमकर कमेंट कर अपना प्यार बरसाया है। एक फैन ने लिखा, मेरा असली हीरो, एक फैन ने लिखा, सनी पाजी जय श्री राम, एक फैन ने लिखा, वाह...शानदार...आपसे बहुत प्यार करता हूं, एक फैन ने लिखा, ये वो हाथ हैं, जिन्होंने पाकिस्तान का हैंडपंप उठाया था, इन हाथों को सलाम पालजी, लव यू, एक फैन ने लिखा, गुरु से बड़ा ना कोई होए, एक फैन ने सनी की फिल्म गदर का डायलॉग लिखा, हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगासनी देओल आखिरी बार फिल्म 'जाट' में नजर आए



थे। अब सनी जल्द ही 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में सनी देओल के अलावा दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, और वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। यह भारतीय सशस्त्र बलों की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है।

## ये फिल्में न केवल मनोरंजक हैं, बल्कि सोचने पर भी करती हैं मजबूर

# ओटीटी पर हिंदी में देखिए दिमाग को झकझोर देने वाली ये तमिल फिल्में

*मुंबई। ओटीटी पर अगर आपकी तलाश कुछ ऐसे एक्शन और थ्रिलर ड्रामा की है, जो दिल और दिमाग पर छा जाए, तो जरा इन 5 फिल्मों पर गौर कीजिएगा। ये तमिल सुपरस्टार की धनुष की टॉप 5 फिल्में हैं, जो ओटीटी पर हिंदी में उपलब्ध हैं। वेंकटेश प्रभु कस्तूरी राजा उर्फ धनुष। कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय सिनेमा में इस वक्त जितने भी सितारे हैं, धनुष उन सभी में किसी ध्रुव तारे की तरह हैं। वो, जो दिखने में भले ही 'आम' हो, लेकिन उसकी काबिलियत सबसे 'खास' है। वो, जो पर्दे पर खून-खराबा और एक्शन की बजाय, अपनी दिल छू लेने वाली एक्टिंग से मजमा लूटता है। वो, जो सफेद शर्ट और नीले पैंट में पीठ पर स्कूल बैग टांग लेता है, तो हर दिल 'कुंदन' बन जाता है। वो, जो 'शमिताभ' में गूंगा बनकर महानायक अमिताभ बच्चन को मात दे देता है। धनुष, वैसे तो तमिल फिल्मों में मुख्य रूप से काम करते हैं, लेकिन उन्हें पर्दे पर देखकर हिंदी के दर्शकों का भी दिल धड़कने लगता है। धनुष ने अपने फिल्मी कॅरियर में 50 से अधिक फिल्मों में काम किया है। चार बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुके हैं। इसमें दो बार एक्टर के तौर पर, तो दो बाद फिल्म निर्माता के रूप में। वह 14 बार सीमा अवॉर्ड, 8 बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत चुके हैं। इतना ही नहीं, प्रतिष्ठति 'फोर्ब्स इंडिया' की 'सेलिब्रिटी 100' लिस्ट में 6 बार जगह पा चुके हैं।*

## धनुष की वो फिल्में, जिन्हें देख आलोचक भी हो गए चुप

खैर, अब जब बात धनुष की हो रही है तो उनकी उन टॉप-5 फिल्मों की भी बनती है, जिसे सबसे अधिक प्यार मिला। ये वो फिल्में हैं, जिन्हें आईएमडीबी पर उनकी 50 से अधिक फिल्मों की लिस्ट में सबसे तगड़ी रेटिंग मिली है। ये वो फिल्में हैं, जिन्हें देखकर दर्शक तो दर्शक, फिल्म समीक्षक और आलोचक भी धनुष के मुरीद हो गए। खास बात ये है कि ये सभी 5 फिल्में ओटीटी पर हिंदी में उपलब्ध हैं।

**वडा चेन्नई :** धनुष के कॅरियर की सबसे तगड़ी रेटिंग वाली फिल्म 'वडा चेन्नई' है, जो साल 2018 रिलीज हुई थी। यह एक तमिल क्राइम ड्रामा है। फिल्म के राइटर और डायरेक्टर दिग्गज वेत्रिमारन हैं। 'वडा चेन्नई' का मतलब है उत्तरी चेन्नई। फिल्म में धनुष ने अंबू का किरदार निभाया है। कहानी के मुताबिक, अंबू एक जबरदस्त कैरम प्लेयर है। वह अपनी जिंदगी दोस्तों और इस खेल के साथ बड़ी सादगी से बिता रहा है। लेकिन जाने-अनजाने वह दो राइवल गैंगस्टर्स के बीच के गैंगवार में उलझ जाता है। इसके बाद कहानी में क्या होता है, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी पड़ेगी।

**असुरन :** साल 2019 में रिलीज असुरन को अगर धनुष की अब तक की बेस्ट फिल्म कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। यह एक पीरियड एक्शन ड्रामा है। इस फिल म को भी वेत्रिमारन ने ही डायरेक्ट किया है। कहानी एक उपन्यास 'वेक्कई' से ली गई है, जिसे पूमनी ने लिखा है। फिल्म में धनुष के साथ मंजू वारियर, केन करुणास और तीजय अरुणासलम मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म ने 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में दो अवॉर्ड जीते। पहला बेस्ट फीचर फिल्म का और दूसरा धनुष को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। 'असुरन' की कहानी एक वंचित जाति के किसान परिवार की है। इस किसान के बेटे से एक अमीर और ऊंची जाति के जमींदार की हत्या हो जाती है। फिल्म में आगे एक शांति की जिंदगी बिताने वाले किसान की अपने गुस्सैल बेटे को बचाने की जद्दोजहद है। लेकिन, मर्म, इतना ही नहीं है। यह फिल्म वर्ग संघर्ष, जाति और भेदभाव पर भी गहरी चोट करती है।



**कर्णन :** 'असुरन' की तरह ही धनुष की 'कर्णन' भी जाति संघर्ष की कहानी बयां करती है। साल 2021 में रिलीज इस तमिल एक्शन ड्रामा के डायरेक्टर मारी सेल्वराज हैं। फिल्म में धनुष के साथ राजिशा विजयन, लाल, योगी बाबू, लक्ष्मी प्रिया चंद्रमौली और नट्टी सुब्रमण्यम भी हैं। कहानी के केंद्र में कर्णन है, जो एक छोटी जाति के समुदाय से ताल्लुक रखता है। हालात, कुछ ऐसे बनते हैं कि पुलिस कर्णन के समुदाय पर बर्बरता की हद तक जुल्म ढाती है। कर्णन अपने लोगों के अधिकार के लिए खड़ा होता है और न्याय की लड़ाई लड़ता है।

***पुधुपेट्टई :*** *आईएमडीबी पर 'पुधुपेट्टई' धनुष की तीसरी फिल्म है, जिसे 8.4 रेटिंग मिली है। साल 2006 में आई यह एक तमिल क्राइम एक्शन फिल्म है। इसके राइटर और डायरेक्टर सेल्वाराघवन हैं। फिल्म में धनुष लीड रोल में हैं और उनका नाम कोक्की है। उनके अलावा सोनिया अग्रवाल और स्नेहा भी स्पोर्टिंग कास्ट में हैं। 'पुधुपेट्टई' एक झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले छात्र की कहानी है, जो रोजी-रोटी चलाने के लिए चेन्नई में एक खूंखार गैंगस्टर बन जाता है।*

***आदुकलम :*** *'आदुकलम' धनुष की एक और बेजोड़ फिल्म है, जो बॉक्स ऑफिस पर पर भी सुपरहिट रही और जिसे समीक्षकों ने भी खूब तारीफ दी। साल 2011 में रिलीज इस तमिल ड्रामा के डायरेक्टरर वेत्रिमारन हैं। फिल्म में धनुष के साथ तापसी पन्नू हैं। यह तापसी की पहली फिल्म थी। इनके अलावा कास्ट में किशोर, वीआईएस जयपालन, नरेन नारायणन और मुरुगादॉस भी हैं। खास बात यह है कि 'आदुकलम' को 58वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में 6 अवॉर्ड्स मिले थे। 'आदुकलम' की कहानी में मुर्गों की लड़ाई है। इसमें पेरियासामी उर्फ पेट्टईकरन और इलाके का पुलिस इंस्पेक्टर रत्नास्वामी दो राइवल हैं। मुर्गों की लड़ाई में अक्सर पेट्टई ही जीतता है, क्योंकि वह मुर्गों की तगड़ी परख रखता है।*

## खबर संक्षेप

### सोसायटी में किसानों को मिल रहा खाद व दवा



**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित किकिरदा पंजीयन क्रमांक 1051 के समिति कार्यालय में इस वर्ष क्षेत्र के किसानों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समिति के कर्मचारियों के द्वारा इफको कंपनी का खेती किसानी से संबंधित सभी प्रकार के दवाइयां और खाद बीज आदि का भंडारण किया गया है। जिसको किसानों के सुविधा अनुसार नगदी और उधारी दोनों तरीका से दिया जा रहा है। इस संबंध में सेवा सहकारी समिति मर्यादित किकिरदा के समिति प्रबंधक कुशत राम चंद्रा ने बताया कि समिति कार्यालय किकिरदा में प्रत्येक दिवस किसने की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष कृषि कार्य से संबंधित सभी प्रकार के दवाइयां खाद और बीज का भंडारण किया जा चुका है। सभी किसानों को दवाइयां और खाद और बीज नगदी के अलावा उधारी में भी सभी प्रकार के दवाइयां और खाद दिया जा रहा है। दवाइयां इस वर्ष इफको कंपनी का भंडारण किया गया है। जिसका मार्केट रेट से बिल्कुल कम दामों में किसानों को दिया जा रहा है। किकिरदा , कटही और करही की अतिरिक्त देवरीमठ और बसंतपुर के किसान बंधु भरपूर लाभ उठा रहे हैं।

### पूर्व विधायक राजेंद्र कुमार की पुण्यतिथि आज, होंगे कार्यक्रम

**अकलतरा।** अकलतरा के पूर्व विधायक स्व राजेंद्र कुमार सिंह ( कुमार साहब) के 46वीं



पुण्यतिथि के अवसर पर स्व. राजेंद्र कुमार सिंह आयोजन समिति के द्वारा 30 जुलाई को सुबह 9:30 बजे ग्राम बनाहिल में छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरण, 11 बजे राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में श्रद्धांजलि सभा, दोपहर 12 बजे लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल अकलतरा में पौधारोपण एवं दोपहर 1 बजे नगर पालिका के स्वच्छता दीदीयों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### स्काउट गाइड की छात्राओं ने रेशम व मोती से तैयार की राखियां

**हसौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद की स्काउट गाइड की छात्राओं ने देश की



रक्षा करते हुये देश पर मर मिटने वाले जवानों के लिए अपने हाथों से राखियां तैयार कर भेजीं। स्कूल की बेटियों ने रेशम और मोतीयों की 154 राखियां तैयार की। छात्राओं में लक्ष्मी, गौरी, दुर्गा, पूजा, आरती, सरोजिनी, फाल्गुनी, स्वीकृति, नंदिनी, पुष्पा, मानवी, नंदिता, डुनिशा, सोनिया सहित 30 बालिकाओं ने यूनिट लीडर मीना महेश, रोवर क्रू श्याम मनोहर द्विवेदी तथा स्काउट मास्टर लंबोदर दास महंत के मार्गदर्शन में बालिकाओं की टीम ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ तैयार किया। स्कूल प्राचार्य शिव प्रसाद द्विवेदी सहित सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने बालिकाओं के इस कार्य की सराहना की।

## निधन

### श्रीमती विनीता सिंह

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पचेड़ा निवासी रवेंन्द्र सिंह गहलोत की धर्मपत्नी श्रीमती विनीता सिंह (किरत



सिंह ) का आकस्मिक निधन जांजगीर नहरपार स्थित निवास में मंगलवार 29 जुलाई को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम जांजगीर में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिवार के सदस्यों के साथ गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

पोड़ीदल्हा, बिरितिया बाबा एवं बर्रा में लगा मेला

# पंचमी पर नाग देवता की हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नागदेवता के आराधना का पर्व नाग पंचमी मंगलवार को अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह नागदेवता के लिए दूध लाई रखकर उनकी उपासना की। जिले के जैजैपुर ब्लाक के ग्राम कैथा के बिरितया बाबा, अकलतरा के पास स्थित दल्हा पहाड़, ग्राम किरारी तथा नवागढ़ विकासखंड तहसील के ग्राम बर्रा में मेला लगा। इधर कई जगहों पर नगमत का आयोजन भी हुआ।

सावन महीने के शुक्ल पक्ष पंचमी को हिन्दु धर्मावलंबियों के द्वारा नागांचमी का त्यौहार उल्लास के साथ मनाया जाता है। इसी तारतम्य में मंगलवार 29 जुलाई को नाग पंचमी पर खास कर ग्रामीण अंचलों में दोने में दूध और लाई डालकर घर के बाड़ी कोठी व शिवालयों में रखा गया। लोगों में ऐसी मान्यता है कि इस दिन नागदेवता की पूजा करने से सर्प काटने का खतरा टल जाता है। अकलतरा ब्लाक के दल्हा पहाड़ में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। नाग पंचमी मेले को लेकर आसपास के ग्रामीण यहां पहुंचे तथा विधि-विधान से नाग देवता की पूजा-अर्चना की। इसी तरह जैजैपुर ब्लाक के कैंथा में श्रद्धालुओं के आने-जाने का सिलसिला सुबह से ही शुरु हो गया था। 9-10 बजे के करीब नाग पंचमी मेला पूरे शबाब पर रहा। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम पूरे दिन चला। इसी तरह नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत बर्रा गांव के खोलार स्थित सिद्ध बाबा परिसर में ग्रामीणों की भारी भीड़ रही। इसमें आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में नागपंचमी मेला देखने पहुंचे थे। इस दौरान विधि-विधान से सिद्ध बाबा की पूजा-अर्चना की गई। पुरानी बस्ती में नगमथतका आयोजन किया गया, जहां युवाओं की टोली गिली मिट्टी में सांपों की तरह लोटती रही।



दर्शन के लिए जाते श्रद्धालु।

### सिद्ध बाबा के पास जाने से हो जाती है सभी मुरादे पूरी

**नवागढ़।** ग्राम बर्रा में स्थित सिद्ध बाबा के पास जो भी भक्त सच्चे मन से मुराद मांगने को जाते उनकी सभी मुरादें पूरी हो जाती है। यहां के बाबा को चढ़ावा के रूप में गांजा चढ़ाया जाता है। नागपंचमी के दिन यहां का भव्य मेला लगता है। सावन माह के पंचमी को लगे मेला में हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। तत्कालीन कलेक्टर ओ.पी. चौधरी द्वारा इसे पुरातत्व में शामिल कर दिया गया है। अब यहां का नाम पुरातन काल के पुस्तको में भी अंकित किया जा रहा है। यहां भगवान सिद्ध बाबा के पावन धरा में यहां उनके आगन में अनेक प्रकार के प्रभाव है। यहां हमेशा सांपो का समूह का रहने का जगह है। यहां के मोटा नुमा नामक जड़ी बूटी काफी प्रसद्धि है। सिद्ध बाबा में अनेक प्रकार की सिद्ध भक्तो की मुराद यहां पुरी होते है।

# 800 फीट ऊंचे दलहा पहाड़ की चोटी पर पहुंचे हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विकासखंड के 800 फीट ऊंचे दलहा पहाड़ में अन्य जिलों व राज्यों के हजारों श्रद्धालुओं के पहाड़ के शिखर तक यात्रा कर उल्लास पूर्वक नाग पंचमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पड़रिया के केराचुंआ में लगभग एक किलोमीटर लंबे रास्ते के दोनों और होटल, मिठाई, खिलौने झूला सहित अन्य आकर्षक प्रतिष्ठान लगाए गए थे जिनका क्षेत्रवासियों ने आनंद लिया।

नाग पंचमी के अवसर पर यहां पहुंचे पर्यटक सबसे पहले सिद्धमुनि आश्रम स्थित केराचुआ में सूर्यकुंड का प्राकृतिक जल पीने के साथ छिड़ककर अपने आप को पवित्र कर श्री सिद्ध मुनि आश्रम स्थित स्वामी जगदेवानंद की समाधि स्थल पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उसके बाद हुए दलहा पहाड़ की चढ़ाई के लिए अग्रसर हुए। दलहा पहाड़ पर नाग पंचमी के अवसर पर क्षेत्र वासियों के पहाड़ चढ़ने की परंपरा प्राचीन समय से रही है। केराचुंआ में स्थित सूर्य कुंड प्राकृतिक जल स्त्रोत है जो भीषण गर्मी के दौरान भी शीतल जल से भरा होता है। इस पानी में औषधिय गुण होने की बात कही जाती है एवं क्षेत्र वासियों के द्वारा त्वचा सहित अन्य रोगों के उपचार के लिए इस पानी का उपयोग करते है। नाग पंचमी पर दलहा पहाड़ में जांजगीर-चांपा सहित बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली आदि जिलों से हजारों पर्यटक पहुंचे। पर्यटकों ने सिद्धमुनि आश्रम स्थित केराचुआ में सूर्यकुंड का प्राकृतिक जल पीने के साथ छिड़ककर अपने आप को पवित्र किया। श्री सिद्ध मुनि आश्रम स्थित स्वामी जगदेवानंद की समाधि स्थल पहुंचकर पूजन-अर्चन की। बजरंग बली मंदिर में मत्था टेकने के बाद करीब साढ़े चार किलोमीटर की दूरी तय कर के दलहा पहाड़ की मुख्य चोटी की चढ़ाई पूरी की। मान्यता के अनुसार दलह्य पहाड़ के मुख्य चोटी में मां विश्वेश्वरी देवी की मूर्ति विराजित थी, पर मुख्य छोटी में विराजित विश्वेश्वरी देवी की मूर्ति को परसाही बाना के पहाड़ी में जाकर स्थापित किया गया। दल्हा पर्वत के चारों दिशाओं में चार आश्रम विराजमान हैं। श्री सिद्ध मुनि आश्रम केराचुआ के सौरभ शुक्ला ने बताया कि नाग पंचमी पर दलहा पहाड़ पर चढ़ने की परंपरा है। प्राचीन काल से दलहा पहाड़ के चारों ओर घूमकर परिक्रमा की जाती थी। कुछ समय से परिक्रमा बंद होने के साथ श्रद्धालु पहाड़ की चोटी पहुंचकर पूजन-अर्चन करते हैं। पहाड़ की मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन मांगी गई मनोकामना पूर्ण होती हैं।



पहाड़ की चोटी पर चढ़कर पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

# अघोर विद्यापीठ के छात्रों ने खो-खो प्रतियोगिता में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा अकलतरा के छात्र-छात्राओं ने 27 जुलाई रविवार को अघोराचार्य बाबा किनाराम विद्यालय पेंडरी जांजगीर में आयोजित अंतरशाला खो-खो प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं तृतीय स्थान हासिल किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया।



उपस्थित विजेता खिलाड़ी।

- प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर बढ़ाया विद्यालय का मान

प्रतियोगिता में जांजगीर के छः टीम ने हिस्सा लिया जिसमें विद्यालय अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा अकलतरा बालक- बालिका टीम,ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल बनारी जांजगीर, सरस्वती शिशु मंदिर नैला, डीएवी लायंस चांपा, स्वामी आत्मानंद विद्यालय जांजगीर एवं अघोराचार्य किनाराम विद्यापीठ स्कूल पेंडरी जांजगीर शामिल थे। अघोर विद्यापीठ के बालक टीम कक्षा 12वीं का छात्र शिवम सिंह के नेतृत्व में जितेश साहू, दीपेश उरांव, आशीष उरांव, वसंत उरांव, प्रशांत, अंकित, सुमित, विकास एवं यश कश्यप ने डीएवी लायंस को सेमी फाइनल में हराकर फाइनल राउंड में अपनी जगह बनाते हुए सरस्वती शिशु मंदिर बालक टीम के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका टीम कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी हंसिका साहू के नेतृत्व में काजल कश्यप, श्रद्धा बंजारे, नम्रता साहू, रागिनी श्रीवास, प्राची श्रीवास, स्नेहा, राजलक्ष्मी, यशी यादव, चंचल साहू, त्वमेव यादव,आस्था सिंह ने स्वामी आत्मानंद के बालिका टीम के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष गोपाल राम, प्राचार्या श्रीमती अंजली एवं शाला परिवार के द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# सैनिकों की कलाई में बंधेगी छात्राओं द्वारा बनाई गई राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति सक्ती द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती में देश के वीर सैनिक भाइयों के लिए राखी विद्यालय के छात्रों के द्वारा तैयार किया गया हैं। यह राखी हमारे देश के वीर सैनिकों की कलाइयों में रक्षाबंधन के दिन बंधेगी।

**खास बात**

- छात्राओं ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

इस राखी निर्माण आयोजन में विद्यालय के समस्त छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपने वीर सैनिक भाइयों के लिए अधिक से अधिक राखी निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन का उद्देश्य देश की रक्षा कर रहे सैनिक भाइयों के प्रति प्रेम एवं सम्मान को प्रदर्शित करता है, साथ ही विद्यार्थियों की रचनात्मकता और देशभक्ति को दर्शाता है, इसके साथ ही उनके सामाजिक और नैतिक मूल्यों को भी मजबूत करता है। विद्यालय परिवार द्वारा तैयार की गई ये राखियां अब सैनिकों भाइयों को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती के माध्यम से भेजी जाएंगी ताकि उन्हें भी रक्षाबंधन के पावन पर्व पर अपने देशवासियों का प्रेम और सम्मान महसूस हो। राखी निर्माण कार्य विद्यालय स्काउट गाइड प्रभारी सूरज सोनी के नेतृत्व में किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके इस प्रयास की सराहना किये।



सीमा पर तैनात जवानों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को राखी सौंपती छात्राएं।

# विवेकानंद उद्यान जल्द बदलेगा स्वरुप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर का एकमात्र विवेकानंद उद्यान का लंबे समय के बाद जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने चुनाव पूर्व अपने घोषणा पत्र में उद्यान के कायाकल्प की बात कही थी, जिसे अब अमलीजामा पहनाया जा रहा है। वर्तमान में उद्यान में साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था, पेड़ों-पौधों की देखभाल, झूलों की मरम्मत के साथ-साथ नए झूलों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा उद्यान में आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए आकर्षक लाइटिंग, साफ-सुथरा सुलभ शौचालय और पेयजल व्यवस्था की जा रही है। विशेष रूप से मॉर्निंग वॉक करने वालों के लिए चेकर टाइल्स का दोबारा और व्यवस्थित निर्माण किया जा रहा है जिससे उन्हें पैदल भ्रमण में कोई असुविधा न हो। स्थानीय निवासियों ने उद्यान में हो रहे इस नवीनीकरण पर संतोष जताया है और उम्मीद की है कि यह गार्डन जल्द ही शहर के नागरिकों के लिए सुकून और ताजगी का केंद्र बनेगा।

- शुरू हुआ जीर्णोद्धार कार्य, उद्यान का हो रहा कायाकल्प



लगाए जा रहे कुर्सी एवं कामकाज में जुटे कर्मचारी।

# गौठानों के जीर्णोद्धार एवं पुन: निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जांजगीर-चांपा।** भारतीय गौ क्रांति मंच द्वारा गौठानों के जीर्णोद्धार एवं पुनः निर्माण के लिए सीएसआर/डीएमएफ फंड से आर्थिक सहयोग करने तथा जिला पशु चिकित्सालय में घायल गौ माताओं के इलाज हेतु विशेष व्यवस्था करने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

भारतीय गौ क्रांति मंच के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र साहू ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर गौठान जीर्ण अवस्था में है। इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में घूम रही गौ माता व गौवंशों खेतों में पहुंच जा रहे है, जिससे किसानों के फसल को भारी नुकसान पहुंचता है। पशुओं के खेतों व सड़क पर विचरण से दुर्घटना होती है। वहीं गौ तस्करी जैसी अमान्य घटनाएं भी सामने आती है। इन सबको देखते हुए गौठानों को सीएसआर मद से पुर्नजीर्णोद्धार आवश्यक है। भारतीय गौ क्रांति मंच ने गौठानों को गौ सेवकों, सामाजिक संगठनों को सौंपने की मांग की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

विनम्र श्रद्धांजलि

स्व. राजेन्द्र कुमार सिंह जी
अवतरण 15 जुलाई 1927 निर्वाण 30 जुलाई 1979
बुधवार, 30 जुलाई 2025
अंचल के लोकप्रिय नेता
स्व. राजेन्द्र कुमार सिंह (कुमार साहब)
पूर्व विधायक, अकलतरा की 46वीं पुण्य तिथि पर
सादर नमन
कार्यक्रम -
◆ प्रातः 09:30 बजे पाठ्य सामग्री वितरण शासकीय प्राथमिक शाला, ग्राम- बनाहिल
◆ प्रातः 11:00 बजे श्रद्धांजलि सभा राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला, अकलतरा
◆ अपरान्ह 12:00 बजे वृक्षारोपण लायंस डी.ए.व्ही. पब्लिक स्कूल, अकलतरा
◆ अपरान्ह 01:00 बजे स्वच्छता दीदियों का सम्मान नगर पालिका परिषद, अकलतरा
विनीत- राजेन्द्र कुमार सिंह स्मृति आयोजन समिति
अकलतरा एवं बनाहिल